# JAIN COLLEGE

463/465, 18th Main Road, SS Royal, 80 Feet Road, Rajarajeshwari Nagar,
Bangalore - 560 098

***Date: 2019-2020*** ***SUBJECT: HINDI***

***II PUC***
***II MOCK***

***Timings Allowed:3hr 15.min*** ***Total Marks: 100***

---

**सूचना :** १) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि मे लिखना आवश्यक है |
२) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है |

**I अ एक शब्द या वाक्यांश मे उत्तर लिखिए :** 6 X 1 = 6

1॰भिक्षुक के गाँव का नाम लिखिए |
2॰ झूठ बोलने का परिणाम क्या होगा ?
3॰ लेखिका की बड़ी बहन का नाम लिखिए ?
4॰भोलाराम के जीव ने कितने दिनों पहले देह त्यागी थी ?
5॰'नारा' का प्रसिद्ध मंदिर कौन सा हैं ?
6॰जापान के होटलों का रिवाज़ क्या है ?

**आ॰ निम्नलिखित प्रश्नो मे से किन्ही तीन प्रश्नो का उत्तर लिखिए :**

7॰ एक दक़ियानूसी मित्र ने मन्नू भण्डारी के पिता से क्या कहा ? 3 X 3 = 9
8॰ हैदराबाद नवाब के सामने कौन – सी मुसीबत थी ? उसका समाधान विश्वेश्वर्य्या ने कैसे किया ?
9 ॰ चीफ और माँ की पहली मुलाक़ात का वर्णन कीजिए ?
10॰ नरक के निवास स्थान की समस्या कैसे हल हुई ?
11॰ जापान में हिन्दी के प्रभाव – प्रसार पर टिप्पणी लिखिए ?

**II अ॰निम्नलिखित वाक्य किसने ,किससे कहा ?** 4X 1 = 4

12॰आधी रोटी खाओ,भगवान का भजन करो और पड़े रहो |
13॰'यू हैव मिस्ड समथिंग'|
14॰आज तुम खाना जल्दी खा लेना |
15॰ गरीबी की बीमारी थी |

**आ॰ निम्नलिखित में से किनही दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :** 2X3= 6

16 ॰ 'सत्य बोलने ही से समाज में हमारा सम्मान हो सकेगा और हम आनंदपूर्वक हमारा समय बिता सकेंगे
17॰ 'पतन की जब पराकाष्ठा हो जाती है तभी पुन:उत्थान की किरणें फूटती हैं|'
18॰'यह लड़की मुझे कहीं मुँह दिखाने लायक नहीं रखेगी |
19 ॰ 'मेरे माँ गाँव की रहनेवाली हैं | उम्र – भर गाँव में रहीं हैं'|

**III अ॰ एक शब्द या वाक्यांश मे उत्तर लिखिए :** 6 X 1 = 6

20 ॰ रैदास किस राज्य की कामना करते हैं ?
21 ॰ प्रेम की गली कैसी है ?
22.वस्तुएँ कब सुंदर प्रतीत होती हैं ?
23॰ वृक्ष का शरीर किससे बना है?
24॰ तमिलनाडु में रामायण का ज्ञान कौन दे रहा है ?
25 ॰कवि के अनुसार क्या शर्त थी ?

**आ॰ निम्नलिखित प्रश्नो में से किसी दो प्रश्न का उत्तर लिखिए :** 2 X 3 = 6

26. कर्मयोग के स्वरूप के बारे में रहीम के क्या विचार है ?
27. बिहारी नए दोनों कनक के संबंध में क्या कहा है ?
28. पर्यावरण के संरक्षण के संबंध में कवि कुँवर नारायण के विचार लिखिए ?
29॰ पंजाब केसरी की महत्ता प्रकट कीजिए |

**इ॰ ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए :** 4 X 1 = 4

30॰ रैदास श्रम करि खाइहि,
जो लौ पार बसाय |
नेक कमाई जऊ करई,
कबहूँ न निहफल जाय ||

**अथवा**

जमुना तट देखे नंद नन्दन |
मोर-मुकुट मकराकृत -कुंडल,पीत-बसन तन चन्दन|
लोचन तृप्त भए दरसन तै उर की तपनि बुझानी ||

**31॰** वे मुस्काते फूल,नहीं- 1x4=4
जिनको आता है मुरझाना,
वे तारों के दीप,नहीं,
जिनको भाता है बुझ जाना |

**अथवा**

तेरी रक्षा का न मोल है,
पर तेरा मानव अमोल है,
यह मिटता है,वह बनता है
यही सत्य की सही तोल है
अर्पण कर सर्वस्व मनुज को |

**IV॰अ एक शब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए :** 5X 1 = 5

32. मिश्रानी को किसने काम से हटा दिया ?
33॰घृणा को किससे नहीं मिटाया जा सकता ?
34॰ बीज से दूर रहने पर फूल क्या नहीं होता ?
35॰ तलवार का प्रमाण किसका प्रमाण है ?
36॰ पितृ हत्या का दंड क्या नहीं है ?

आ॰ **निम्नलिखित प्रश्नों मे से किनही दो प्रश्नों का उत्तर लिखिए** : 2 X 5 = 10

37॰ बेला अपने मायके क्यों जाना चाहती थी ?

अथवा

घर के लोगों के व्यवहार में बदलाव देखकर बेला की क्या प्रतिक्रिया थी ?

38॰ प्रायश्चित को लेकर पिता और पुत्र के बीच हुए संवाद को लिखिए |

अथवा

भारवि अपने पिता से क्यों बदला लेना चाहता था ?

39॰V **अ निम्नलिखित वाक्य शुद्ध कीजिए :** 4 X 1 =4

1) रोहन को पूछो |
2) ऐसा कभी नही हुई थी |
3) लता ने आम को खाती है |
4) कोई ने मेरे पुस्तक देखी |

40॰ **आ॰कोष्टक में दिए गए शब्दों से रिक्त स्थान भरिए :** 4 X 1 = 4

( बेटे,लोग,सम्मान,गिलास )

1) सड़क पर----जमा है |
2) हाथ से----छूट गया |
3) स्त्री को----देना |
4) माँ ने---- को समझाया |

41॰ **निम्नलिखित वाक्यो को सूचनानुसार बदलिए** : 1 X 3 = 3

1) उसने आग चिता पर रख दी |( भविष्यत काल मे बदलिए )
2) सिद्धार्थ कुछ अपूर्व, अनुपम लाते है | ( भूतकाल में बदलिए )
3) शीला कपड़े धोती थी |(वर्तमान काल में बदलिए )

42॰ **निन्म्लिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए:** 4 X 1 = 4

1) हवा से बातें करना a) असहनीय दुख होना
2) सिर पर भूत सवार होना b) रूठ जाना
3) कलेजा फटना c) धुन सवार होना
4) मुँह फुलाना d) तेज दौड़ना

43॰ **उ॰ अन्य लिंग रूप लिखिए** : युवा , बकरा , मालिक 3 X 1 = 3

44॰ **अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :** 3 X 1 = 3

1) संध्या और रात्रि के बीच का समय
2) जिसमें दया हो
3) जो दिखाई ना दे |

45॰ **निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए** 2 X 1 = 2

1) देशी 2) मोल

46) **निम्नलिखित शब्दों मे से प्रत्यय अलगकर लिखिए:** 2X1=2

1) आंतरिक 2) सम्मानित

47॰ **किसी एक विषय पर निबंध लिखिए:** **1x** 5=5

1) जनसंख्या का विस्फोट
2) स्त्री शिक्षा की आवश्यकता
3) हमारे राष्ट्रीय त्यौहार

अथवा

**अपने मित्र को नव वर्ष की शुभकामना देते हुए पत्र लिखिए |**

**48॰ निम्नलिखित अनुच्छेद पहकर उसपर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 5x1=5**

" राजा राममोहन राय बचपन दे ही बड़े प्रतिभाशाली थे | उनके पिता ने उनकी पढ़ाई का समुचित प्रबंध किया | गाँव की पाठसाला में उन्होने बंगला सीखी | उन दिनों कचहरियों मे फारसी का बोलबाला था | अत: उन्होने घर पर ही मौलवी से फारसी पढ़ी | नौ वर्ष की उम्र में वे अरबी की उच्च शिक्षा के लिए पटना भेजे गए |
वहाँ वे तीन वर्ष रहे | उन्होने कुरान का मूल अरबी में अध्ययन किया | बारह वर्ष की उम्र में वे काशी गए | चार वर्ष तक वहाँ उन्होने संस्कृत का अध्ययन किया | इस बीच उन्होने भारतीय दर्शन का भी अध्ययन किया"

प्रश्न : 1) राजा राममोहन राय की पढ़ाई की व्यवस्था किसने की ?
2) राजा राममोहन राय ने बंगला कहाँ सीखी ?
3) उन्होंने अरबी की शिक्षा कहाँ से प्राप्त की ?
4) बारह वर्ष की उम्र में वे कहाँ गए?
5) उन्होंने कितने वर्ष तक संस्कृत का अध्ययन किया ?

49॰ **हिन्दी में अनुवाद कीजिए:** 5x1=5

1) Principal punished few students for misbehavior.
2) Teachers treat their students as their children.
3) Students are playing in the playground.
4) Mahatma Gandhi was follower of truth and non-violence.
5) If we get up early, we can see sun rise.

*********************************